भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2469
सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023/27 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

गोवा में विदेशी पर्यटकों का आगमन

†2469. श्री फ्रांसिस्को सर्दिन्हा:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद गोवा में विदेशी पर्यटकों के आगमन की प्रवृत्ति क्या है;

(ख) क्या पर्यटकों की संख्या वैश्विक महामारी पूर्व स्तर तक पहुंच गई है;

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या मंत्रालय ने वैश्विक महामारी के बाद की स्थिति में भारतीय राज्यों को पर्यटक स्थलों के रूप में पुनः ब्रांड करने के लिए किन्हीं उपायों की योजना बनाई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): वर्ष **2018-2022** के दौरान गोवा राज्य में विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) का ब्यौरा निम्नानुसार है-

वर्ष	एफ़टीवी (लाख में)	पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि (%)
2018	**9.34**	**-**
2019	**9.37**	**0.32**
2020	**3.03**	**-67.66**
2021	**0.22**	**-92.74**
2022	**1.75**	**695.45**
2023 (जुलाई तक) (अ)	**2.81**	**60.57**

स्रोत: राज्य पर्यटन विभाग।

(अ): अनंतिम

(ग): प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोवा सरकार के पर्यटन विभाग ने कोविड-19 महामारी से उबरने के लिए निम्नलिखित योजनाएं शुरू और अधिसूचित की हैं:-

(i) "पर्यटक व्यापार सहायता (कार्यशील पूंजी ब्याज सबवेंशन) योजना **2021": पर्यटन उद्योग में ऐसे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को **6** महीने की अवधि के लिए कार्यशील पूंजी ऋणों की सब्सिडी देकर सहायता देना जो महामारी के कारण प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए है। उक्त योजना के तहत, एक एकल दावे में **6** महीने के लिए अधिकतम **25** लाख रुपये की कार्यशील पूंजी ऋण पर अधिकतम **5%** तक ब्याज की प्रतिपूर्ति का प्रावधान है, जिसमें प्रति पात्र इकाई सरकार पर अधिकतम बोझ **62,500** रुपये होगा और योजना के तहत कवर किए गए लाभार्थियों की अधिकतम संख्या **800** है। सभी पंजीकृत ख, ग, घ श्रेणी के होटल/ आवास और यात्रा एवं टूर ऑपरेटर उक्त योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र हैं।

(ii) "अंतर्राष्ट्रीय चार्टर सहायता (लैन्डिंग शुल्क में छूट) योजना **2021"** अंतर्राष्ट्रीय चार्टर्ड उड़ानों के प्रचालन की लागत पर भार को कम करके अधिक संख्या में चार्टरों को आकर्षित करने के उद्देश्य से गोवा को अंतर्राष्ट्रीय चार्टरों के लैन्डिंग शुल्क में छूट प्रदान करना। उक्त योजना के तहत, योजना की अवधि के दौरान डाबोलिम हवाई अड्डे, गोवा पर लैंडिंग शुल्क पर प्रति अंतर्राष्ट्रीय चार्टर उड़ान अधिकतम **1** लाख रुपये तक की प्रतिपूर्ति की जाती है। उक्त योजना अक्टूबर **2021** से मार्च **2022** तक लागू थी।

(iii) विभाग राज्य में पर्यटक यातायात में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव सांविधिक, उपचारात्मक और निवारक उपाय कर रहा है। प्रचार अभियान के एक भाग के रूप में, राज्य पर्यटन विभाग यात्रा व्यापार के साथ महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू यात्रा मार्टों/प्रदर्शनियों में भाग लेता है। इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में भी रोड शो आयोजित किए जाते हैं। विभाग विदेशी और साथ ही अंग्रेजी भाषा में ब्रोशर का मुद्रण, वितरण करता है। राज्य में पर्यटन के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए, यह विभाग विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं, समाचार पत्रों आदि में विज्ञापन जारी करता है। इसके अलावा, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय टीवी चैनलों में अंग्रेजी और स्थानीय विदेशी भाषाओं में विज्ञापन भी जारी किए जाते हैं।

(घ) और (ङ): पर्यटन मंत्रालय देश के पर्यटक गंतव्यों और पर्यटन उत्पादों को समग्र रूप से बढ़ावा देता है। यह एक एकीकृत विपणन एवं प्रचार रणनीति और विदेशों में यात्रा व्यापार, राज्य सरकारों और भारतीय मिशनों के सहयोग से एक समन्वित अभियान के माध्यम से वैश्विक पर्यटन बाजार में विभिन्न पर्यटन उत्पादों और गंतव्यों को बढ़ावा देने के लिए अतुल्य भारत ब्रांड के तहत पर्यटन सृजित करने वाले बाजारों में भारत को एक पसंदीदा पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने का प्रयास करता है।

*****